भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 709

26 जुलाई, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

आयुष अस्पताल एवं औषधालय

709. श्री मनीष जायसवाल:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) झारखंड राज्य में कार्यरत आयुष अस्पतालों और औषधालयों की कुल संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का विचार राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) के अंतर्गत झारखंड में कोई एकीकृत आयुष अस्पताल स्थापित करने का है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा आयुष की स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं को स्वास्थ्य देखभाल की मुख्यधारा के ढांचे के साथ जोड़ने के लिए अन्य क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का विचार है?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क): झारखंड राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, आज की तिथि तक 01 आयुष अस्पताल और 267 औषधालय कार्यरत हैं।

(ख) और (ग): जन स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, एकीकृत आयुष अस्पतालों की स्थापना करना झारखंड सहित संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के अधिकार क्षेत्र में आता है। हालांकि, राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना के अंतर्गत, 50/30/10 बिस्तरों वाले एकीकृत आयुष अस्पतालों की स्थापना के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों को वित्तीय सहायता प्रदान करने का प्रावधान है, जिसके लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों को एनएएम दिशानिर्देशों के प्रावधानों के अनुसार राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के माध्यम से अपने प्रस्ताव प्रस्तुत करना अपेक्षित है। एसएएपी के माध्यम से झारखंड राज्य सरकार से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार, मंत्रालय ने 07 एकीकृत आयुष अस्पतालों को अनुमोदन प्रदान किया है। एनएएम के अंतर्गत झारखंड में अनुमोदित एकीकृत आयुष अस्पतालों का विवरण **संलग्नक** में दिया गया है।

(घ): भारत सरकार ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और जिला अस्पतालों (डीएच) में आयुष सुविधाओं के सह-स्थानीकरण संबंधी रणनीति अपनाई है, जिससे मरीजों को एक ही स्थान पर विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों का विकल्प चुनने में मदद मिलती है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा आयुष डॉक्टरों/पैरामेडिक्स की तैनाती और उनके प्रशिक्षण को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत सहयोग प्रदान किया जाता है, जबकि आयुष मंत्रालय द्वारा एनएएम के अंतर्गत साझा जिम्मेदारियों के रूप में आयुष संबंधी बुनियादी ढांचे, उपकरण/फर्नीचर और दवाओं के लिए सहयोग प्रदान किए जाते हैं।

*****

संलग्नक

एनएएम के अंतर्गत झारखंड में अनुमोदित एकीकृत आयुष अस्पतालों का विवरण:

क्र.सं.	**एकीकृत आयुष अस्पताल का स्थान**	**अनुमोदन वर्ष**	**बिस्तरों की संख्या**	**केंद्रीय हिस्से के रूप में जारी की गई निधि (लाख रुपए में)**
1	रांची	2019-20	50	900.00
2	जमशेदपुर	2022-23	50	900.00
3	गुमला	2022-23	10	450.00

4	बोकारो	2022-23	10	450.00
5	देवघर	2022-23	10	450.00
6	पलामू	2022-23	10	450.00
7	दुमका	2022-23	10	450.00